हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026



04 मुनि संघ के सानिध्य में योग सागर और नियम सागर...



05 3 किशोरियों के धर्मान्तरण के मामले के बाद एसपी ने एसआईटी...







## समाचार संक्षेप

### सड़कों पर उतरी गुना पुलिसः पैदल भ्रमण कर सुधारी शहर की यातायात व्यवस्था




गुना । पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में गुना पुलिस ने शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मोर्चा खोल दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर और डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात अजय प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान जहाँ नो-पार्किंग में खड़ी बसों पर सख्त कार्रवाई की गई, वहीं शाम के समय व्यस्ततम बाजारों में पैदल भ्रमण कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के तहत एक्सीलेंट स्कूल, जय स्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा और जज्जी बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थलों पर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़ी 12 बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिनसे कुल 18,000/- रुपये का जुर्माना वसूला गया। बस संचालकों को कड़े लहजे में हिदायत दी गई कि बस स्टैंड के अतिरिक्त कहीं भी वाहन खड़े न करें, अन्यथा सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही शाम 7 से 9 बजे के बीच पुलिस टीम ने जयस्तंभ चौराहा, ओल्ड आरटीओ, होटल ग्रीन, गुरुद्वारा और लक्ष्मीगंज रोड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया।भ्रमण के दौरान सड़क पर अव्यवस्थित खड़े दोपहिया और चार पहिया वाहनों को तत्काल हटवाया गया। मुख्य मार्ग अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेलों को व्यवस्थित कराया गया और कुछ को कॉलोनियों के भीतर स्थानांतरित किया गया ताकि आवागमन सुचारु हो सके। थाना प्रभारी ने व्यापारियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शाम के समय इस प्रकार का पैदल भ्रमण और सख्त चालानी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे शहर में जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

### बदमाश हथियार लहराते हुए मीनाक्षी कोठी में बाउंड्री फांदकर घर में घुसा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



गुना। कैंट थाना क्षेत्र के पॉश इलाके नानाखेड़ी में बीती रात बदमाशों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। निशाना मीनाक्षी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दिनेश कुशवाह का निवास मीनाक्षी कोठी था। हालांकि, चौकीदार की सतर्कता और घर में हुई आहट के चलते बदमाश अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और उन्हें खाली हाथ भागना पड़ा। जाली काटकर घुसा, हाथ में लहराता दिखा हथियारपूरी घटना कोठी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार, रात करीब 2:30 से 3 बजे के बीच एक अज्ञात बदमाश घर के पिछले हिस्से में लगी वायर फेंसिंग की जाली काटकर अंदर दाखिल हुआ। बेखौफ बदमाश के हाथ में एक हथियार भी नजर आ रहा है, जिसे वह लहराते हुए घर के चारों ओर घूमता रहा। उसने मुख्य दरवाजे का ताला तोडऩे का भी काफी प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला।कैमरा तोड़ा पर नहीं बच सका शातिरखुद को छिपाने के लिए शातिर बदमाश ने वहां लगा एक सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया, लेकिन उसकी अन्य गतिविधियां दूसरे कैमरों में रिकॉर्ड हो गईं। इसी बीच घर के भीतर जाग होने और चौकीदार के सक्रिय होने पर बदमाश वहां से रफूचक्कर हो गया। डॉक्टर दिनेश कुशवाह की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदेही की तलाश शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने किसान और व्यापारियों के बीच कराई सुलह, नीलामी हुई

# नानाखेड़ी मंडी में नकद भुगतान को लेकर किसानों ने हंगामा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में शुक्रवार सुबह नकद भुगतान को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया, जिसके चलते नीलामी प्रक्रिया (डाक) शुरू ही नहीं हो सकी। बाद में एसडीएम के हस्तक्षेप और समझाइश के बाद विवाद सुलझा और दोपहर में नीलामी शुरू हो पाईं। इन दिनों मंडी में कृषि उपज की भरपूर आवक हो रही है। बड़ी मात्रा में फसल आने के कारण व्यापारी भी जमकर खरीदी कर रहे हैं, लेकिन बैंकों से सीमित नगदी मिलने के चलते व्यापारियों को भुगतान में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



**अधिकतम 10 हजार रुपए तक ही नकद भुगतान**

यही वजह है कि अब तक किसानों को अधिकतम 10 हजार रुपये तक ही नकद भुगतान किया जा रहा था, जबकि शेष राशि आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा रही थी।

**किसानों ने किया इस व्यवस्था का विरोध**

शुक्रवार सुबह नीलामी के दौरान किसानों ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि 10 हजार रुपये की नकदी उनके लिए पर्याप्त नहीं है। कई किसानों ने बताया कि घरों में शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम हैं और खेती के लिए खाद-बीज की खरीद भी करनी होती है, ऐसे में तत्काल अधिक नगद राशि की जरूरत पड़ती है। इसी बात को लेकर किसानों ने मंडी में हंगामा शुरू कर दिया।

**व्यापारियों ने बताई अपनी मजबूरी**

वहीं, व्यापारियों ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि बैंकों द्वारा उनके करंट खातों से भी सीमित नगदी ही दी जा रही है। उन्होंने नकद लेनदेन से जुड़े नियमों का हवाला देते हुए अधिक भुगतान करने में असमर्थता जताई। दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बनने के कारण सुबह नीलामी पूरी तरह ठप रही।

**25 हजार रुपए नकद भुगतान पर बनी सहमति**

एसडीएम ने व्यापारी व किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उन्होंने समाधान निकालते हुए नगद भुगतान की सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने पर सहमति बनाई। साथ ही यह भी तय किया गया कि शेष राशि उसी दिन आरटीजीएस के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इस समझौते के बाद स्थिति सामान्य हुई और दोपहर में मंडी में नीलामी प्रक्रिया पुनः शुरू हो सकी।

## ड्राइवर बाथरूम करने उतरा, इतने में सवारी ऑटो लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट क्षेत्र के सब्जी मंडी के समीप वीआईपी इलाके में एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई, जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली और शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। घटना पुलिस लाइन के ठीक पीछे और वरिष्ठ अधिकारियों के निवास क्षेत्र के पास हुई, जिससे बदमाशों के बढ़ते हौसलों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**क्या है पूरा मामला** :रामकिशन की बाड़ी निवासी ऑटो चालक मिंटू रजक (पुत्र रमेश रजक) 16 अप्रैल की रात करीब 1:10 बजे रेलवे स्टेशन से दो सवारियां लेकर निकला था। एक सवारी गुलाबगंज मस्जिद और दूसरी अशोकनगर की थी। रास्ते में अशोकनगर जाने वाली सवारी ने श्रीराम कॉलोनी स्थित कलारी से शराब खरीदी, जिसके बाद ऑटो आगे बढ़ा। करीब 1:51 बजे चालक मिंटू रजक ने कैंट क्षेत्र में सब्जी मंडी के पास टॉयलेट के लिए गाड़ी रोकी और जैसे ही वह नीचे उतरा, अशोकनगर वाली सवारी ने मौके का फायदा उठाकर ऑटो स्टार्ट किया और फरार हो गया। इस दौरान दूसरी सवारी, जो गुलाबगंज की थी, घबराकर चलते ऑटो से कूद गई। चालक ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।







**सीसीटीवी में कैद हुई वारदातः** घटना के बाद ऑटो मालिक सलीम बेग द्वारा आसपास के CCTV फुटेज खंगाले गए, जिनमें ऑटो म्याना की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। चालक ने उसी रात कैंट थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है।

**लगातार बढ़ रहे अपराध, पुलिस की कार्यशैली पर सवालः** शहर में हाल के दिनों में चोरी और आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है। कुछ दिन पहले भगत सिंह कॉलोनी में एक साथ कई घरों के ताले टूटने की घटना ने दहशत फैलाई थी, वहीं न्यू सिटी कॉलोनी में भी चोरी के प्रयास सामने आए । इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि बदमाशों में पुलिस का भय खत्म होता जा रहा है।

**याद आए पूर्व एसपी, वर्तमान से उम्मीदः** स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कार्यकाल में जिस तरह भुजरिया तालाब मंदिर समेत अन्य घटनाओं का खुलासा किया था। वर्तमान पुलिस अधीक्षक से भी अब इसी तरह की सख्त कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है, ताकि शहर में सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके। लोगों का कहना है कि उनके बारे में है।

## मोती चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल का शानदार परिणाम, 10वीं-12वीं में शत-प्रतिशत सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मोती चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल हनुमान कालोनी गुना का कक्षा 10वी/12 वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट व शत प्रतिशत रहा I अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12वी की बोर्ड परीक्षायों में छात्र छात्राओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा जो हमारी निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को दर्शाता है।इस उपलब्धि में विशेष गौरव का विषय यह है कि छात्रा याना रघुवंशी 12वी (गणित) ने 92%, याना जाट(विज्ञान )ने 90% ,खुशबु चौहान 12वी(वाणिज्य) ने 93%,खुशी किरार12वी (कृषि) ने 94% एवं रानी किरार (आट्र्स) ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय में संकाय वार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास सराहनीय हैं।इसी तरह कक्षा 10वी मे इन बच्चों मे अथर्व परिहार ने 92%,स्वपनिल ग्वाला 90% व बब्ली धाकड़ 89.6% ,वैष्णवी यादव 87% ,रितु यादव 87% छाया धाकड़ 86% अभिनव यादव 86% ,विपिन जाट 84% अजीत धाकड़ 82% व एमन खान ने 81.4 प्रतिशतअंक प्राप्त कर विध्यालय मे कक्षा 10 वी टॉप टेन मे स्थान प्राप्त किया हैयह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्राचार्य, स्कूल प्रबंधन व स्टाफ़ ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाईयां दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कीयह उपलब्धि एक बार फिर हमारे विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



### म्याना थाना पुलिस ने धर्मांतरण के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

गुना। जिले की म्याना थाना पुलिस ने धर्मान्तरण के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल 10 अप्रेल 2026 को फरियादी बृजेश बैरागी निवासी ग्राम करोद थाना कैंट द्वारा थाना म्याना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया था कि 5 अप्रेल 26 को वह अपने साथी के साथ ग्राम मोहनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे । कार्यक्रम के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा उपस्थित लोगों के साथ झाड़-फूंक एवं तथाकथित चमत्कारिक उपचार करते हुए उन्हें प्रलोभन, भय एवं भ्रम में डालकर धर्म परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जा रहा था । आवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर आरोपीगण उत्तम बरेला, विकास बरेला एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध थाना म्याना में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था ।

# मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल ने फिर से रच दिया इतिहास




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बोर्ड परीक्षा परिणामों के साथ ही जिले में सफलता का उत्सव शुरू हो गया है। मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल, गुना ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध करते हुए इतिहास रच दिया है। विद्यालय की छात्रा अस्मिता धाकड़ ने प्रदेश स्तर पर सफलता अर्जित कर संस्था का मान बढ़ाया है।

**प्रदेश की मेरिट में चमकी अस्मिता धाकड़**

मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा अस्मिता धाकड़ ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 97.8% अंक प्राप्त किए हैं। अस्मिता ने न केवल जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में 11वां स्थान हासिल कर स्कूल का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है।

**रंजना यादव ने 12वीं में किया टॉप**

कक्षा 12वीं में भी मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकेंडरी स्कूल का दबदबा कायम रहा। छात्रा रंजना यादव ने 92.8% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का परिचय दिया है।

**मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल के गौरवशाली आंकड़े**

विद्यालय का कुल परिणाम न केवल शत-प्रतिशत की ओर रहा, बल्कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेरिट अंक प्राप्त किए: 90% से अधिक अंकः कक्षा 10वीं में लगभग 15 छात्र-छात्राओं ने यह मुकाम पाया। 80% से अधिक अंकः कक्षा 10वीं और 12वीं, दोनों में 30-30 से अधिक विद्यार्थियों ने 80% से ऊपर अंक लाकर मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकेंडरी स्कूल की साख को और मजबूत किया।

**समर्पण और संस्कार की जीत**

मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल की संचालक डॉ. श्वेता अरोरा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय का लक्ष्य परीक्षाओं में अंकों के साथ-साथ छात्र को एक बेहतरीन इंसान के रूप में तैयार करना है।

**अभिभावकों का विश्वास**

क्षेत्रवासियों और अभिभावकों ने मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकंडरी स्कूल की इस उपलब्धि को सराहा है। अस्मिता और रंजना की यह सफलता आने वाले वर्षों में विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का काम करेगी।

### 10 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गुना। जिले की धरनावदा थाना पुलिस ने करीबन 10 किलोग्राम गांजा सहित नशे के दो तस्कर गिरफ्तार किए हैं। जानकारी के अनुसार गत शाम धरनावदा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि देहरी गांव में रेलवे पुलिया के पास दो व्यक्ति अपने पास अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उसे बेचने की फिराक में खडे हुए हैं । इस सूचना के मिलते ही धरनावदा थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा तोजहां मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के दो व्यक्ति एक बैग के साथ दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया । पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम मोहन सिंह पुत्र गजराज सिंह प्रजापति निवासी कर्माखेडी रुठियाई एवं रवि पुत्र कैलाश नारायण प्रजापति निवासी ग्राम टोडरा थाना जामनेर के होना बताए । जिनके पास मिले बेग को चेक करने पर उसमें 9.941 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 01.20 लाख रुपये का बरामद हुआ, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं जिनके विरुद्ध धरनावदा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया । धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा, सउनि रामगोपाल सिंह तोमर, आरक्षक रघुकुल मिश्रा, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक धर्मेन्द्र धाकड, आरक्षक नीरज शर्मा, सचिन तोमर, ऋषिकेश शर्मा, मोहर सिंह किरार, विनीत लोधी एवं सायबर सेल से कुलदीप यादव, भूपेन्द्र खटीक व अभय रघुवंशी का विशेष योगदान रहा है ।




## समाचार संक्षेप

### डॉ. विनायक शोपरा बने मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी क्षेत्र में खुशी की लहर

चाचौड़ा। श्री गायत्री परिवार ट्रस्ट चांचौड़ा में डॉ. विनायक शोपरा को नवनिर्वाचित मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की है।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य



नागरिकों एवं ईष्ट मित्रों ने भी डॉ. शोपरा को बधाई प्रेषित की। शुभकामना देने वालों में मनोज व्यास, विष्णु प्रसाद साहू, ओम प्रकाश सोनी (बीनागंज), चंद्रकुमार यादव (बीनागंज), डॉ. लोकेन्द्र मेथिल, मंटीलाल मीना (वापचालहरिया), साधना चौकसे, मृदुलिका व्यास, संतोष चौरसिया, अशोक शर्मा (बीनागंज), नारायणलाल लोधा (पीपल्या नज कोटरा) एवं कुलदीप शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।सभी ने विश्वास जताया कि डॉ. विनायक शोपरा के नेतृत्व में ट्रस्ट समाजसेवा के कार्यों में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

### कुंभराज नगर परिषद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित

कुंभराज। नगर परिषद कुंभराज में आज एक विशेष सम्मेलन (बैठक) का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शारदा देवी साहू द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। परिषद के सभी पार्षद सदस्यों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया।बैठक में पारित प्रस्ताव को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर अधिनियम



के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 17 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 33 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है।वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 (106वां संवैधानिक संशोधन) भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, जिसके तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है, ताकि महिलाएं नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

चाचौड़ा। नवनियुक्त मुख्य नगर परिषद अधिकारी दिनेश सोनी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित कर्मचारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा



में हल किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।बैठक के दौरान सीएमओ ने नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जल प्रदाय व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुनि संघ के सानिध्य में योग सागर और नियम सागर का दीक्षा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



नगर में विराजमान आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री अविचल सागर एवं मुनि श्री निरंजन सागर महाराज के मंगल सानिध्य में स्थानीय नियम सागर भवन में निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर एवं नियम सागर महाराज का दीक्षा दिवस मनाया गया। सुनील झंडा ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके हुई। इसके पश्चात उपस्थित श्रावक श्राविकाओं द्वारा भक्ति भाव से आचार्य श्री विद्या सागर महाराज की सामूहिक पूजन की गई। इस अवसर पर आरोन जैन समाज कमेटी के सदस्य राजीव कांसल एवं नीतेश कालादेव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि मुनि श्री नियम सागर महाराज द्वारा आरोन के 1994 में ऐतिहासिक चातुर्मास के माध्यम से धार्मिक संस्कारों का जो बीजारोपण किया और उन्होंने जो उपकार किया उसका वर्णन करना असंभव है एवं मुनि श्री नियम सागर महाराज की महिमा का गुणगान करके सम्पूर्ण आरोन जैन समाज गौरांवित महसूस करती है। उन्होंने कहाकि पूज्य मुनि श्री नियम सागर महाराज का उपकार आरोन जैन समाज कभी भी नहीं चुका सकती है। उपस्थित साधर्मी जनों को सदुपदेश देते हुए मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने कहाकि आरोन जैन समाज को 1994 में यह बहुत बड़ा सौभाग्य प्राप्त हुआ था कि मात्र आठ अक्षर जिनमें तीन स्वर और पांच व्यंजन शामिल हैं ऐसे मात्र आठ अक्षरों में विद्याष्टकम जैसा महान ग्रन्थ की रचना करने वाले मुनि श्री नियम सागर जैसे महान दिगम्बर संत का चातुर्मास आरोन में हो चुका है।उन्होंने कहाकि 1995 में भारत के राष्ट्रपति श्री शंकर दयाल शर्मा के हाथों में जब विद्याष्टकम जैसा ग्रन्थ पहुंचा तो आश्चर्यचकित हो गए कि इस धरा पर नियम सागर जैसे संत भी हैं जो ज्ञान और चारित्र से इतने परिपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम में मुनि श्री अविचल सागर ने धर्म देशना देते हुए कहा कि सिर्फ कहने से कुछ नहीं होता है। आप भक्ति करते समय दिमाग से संसार की तुच्छ वस्तु मांगते हो। जबकि महान चीज मांगने से आपके कल्याण की शुरुआत होती है। जो वस्तु नष्ट हो जाने वाली है उस नाशवान वस्तु को मांगकर क्या करोगे। अरे भगवान से अगर कुछ मांगना ही है तो संसार से मुक्ति मांगो। अपने दिमाग को श्रेष्ठ चीज मांगना सिखाओ।कार्यक्रम का संचालन संजीव रामपुर ने किया।

## गीतिका जैन ने 12वीं में 94.6% अंक लाकर बढ़ाया परिवार व नगर का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



12वीं बोर्ड परीक्षा में नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता मुनेश जैन की भतीजी और धनपाल जैन की बेटी गीतिका जैन ने आचार्य विद्यासागर पब्लिक स्कूल से 94.6% अंक प्राप्त कर परिवार और पूरे नगर का नाम रोशन किया है। गीतिका की इस शानदार उपलब्धि परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गीतिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और नियमित मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर लगन से पढ़ाई करने पर सफलता जरूर मिलती है। गीतिका की इस उपलब्धि पर भाजपा नेता मुनेश जैन और धनपाल जैन ने गर्व जताते हुए कहा कि बेटी ने परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाया है।

## आरोन में स्वास्तिक भार्गव का शानदार प्रदर्शन गणित में 100 अंक हासिल कर बने टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



आरोन क्षेत्र में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में छात्र स्वास्तिक भार्गव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। स्वास्तिक, पंडित दीपक भार्गव के पुत्र हैं और उन्होंने कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में 94.2% अंक प्राप्त किए हैं। स्वास्तिक ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक हासिल कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि मॉडल स्कूल, आरोन में गणित संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही पैरामाउंट क्लास, आरोन में भी उन्होंने टॉप कर एक और उपलब्धि अपने नाम की। इस शानदार सफलता पर स्वास्तिक को उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवारजनों ने कामना की है कि श्री दास हनुमान जी का आशीर्वाद सदैव स्वास्तिक पर बना रहे और वे भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करें।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, विद्यालय में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़




माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद शासकीय कन्या उमावि राघोगढ़ में हर्ष का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 74 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा।कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण 99 छात्राओं में से 84 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण 185 छात्राओं में से 164 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के आधार पर 51 छात्राओं का चयन लैपटॉप के लिए हुआ। साथ ही कु. संजना सैनी, पिता मुकेश सैनी, को स्कूटी एवं लैपटॉप के लिए पात्र घोषित किया गया।विद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षकों एवं पालकों में खुशी व्याप्त है। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा पारीक ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रावीण्य सूची में कक्षा 10वीं में धारणा अहिरवार, पिता हेमराज अहिरवार, ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में कु. संजना सैनी, पिता मुकेश सैनी, ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# जनगणना प्रशिक्षण का एसडीएम रवि मालवीय ने निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय द्वारा तहसील कुंभराज में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों से चर्चा की।एसडीएम ने सभी को जनगणना कार्य की महत्ता समझाते हुए इसे जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए। 16 से 30अप्रैल तक स्व गणना कर सकते हैं। 31तक प्रगणक ओर पर्यवेक्षक घर घर जाकर गणना करेंगे।उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।सभी कर्मचारी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ संपादित करें।प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं से भी अवगत कराने को कहा।उन्होंने आश्वस्त किया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।कार्यक्रम में जनगणना से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।अंत में सभी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए।स्वगणना ऐसे करें (सरल प्रक्रिया):आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in/ पर जाएं और मोबाइल नंबर व कैप्चा दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें।लॉगिन के बाद अपने राज्य, जिला और पूरा पता सही-सही भरें। इसके बाद मकान की स्थिति, बिजली, पानी, शौचालय, दूरसंचार और वाहन आदि से जुड़े लगभग 33 प्रश्नों के उत्तर दें।सभी जानकारी भरने के बाद फॉर्म सबमिट करें।फॉर्म जमा होने पर आपको एक SE ID प्राप्त होगी।जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आए, तो केवल यही SE ID दिखाएं—आपकी प्रक्रिया पूरी मानी जाएगी। पूरी प्रक्रिया में लगभग 15—20 मिनट का समय लगता है।

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में किसानों को बेहतर व सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य गेहूं,चना, मसूर उपार्जन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उपार्जन केन्द्र पर बेहतर एवं सुगम सुविधाएं पेयजल, छाया, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन्द्रवार नोडल अधिकारियों के साथ ही उपार्जन से जुडे अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेगें। जिससे व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे।केन्द्र पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी,सुगम तथा परेशानी मुक्त उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। जिससे उन्हें समय पर लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं,पंजीकृत किसानों की स्थिति,तौल की व्यवस्था,कांटो की संख्या,वारदाना की उपलब्धता, परिवहन एवं भण्डारण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को खरीदी प्रक्रिया में अनावश्यक बिलंव न हो,फसल तुलाई में बिलंव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अगले दिन तुलाई हेतु टोकन दिया जाए। जिससे फसल तुलाई हो सके। उन्होंने निर्देश दिए एफएक्यू मानक के गेहूं का उपार्जन किया जाए। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर बृज विहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित खाद्य, कृषि, सहकारिता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### विदिशा बाईपास रोड पर स्थित शराब की दुकान को अन्य जगह शिफ्ट करने महिलाओं ने मांग की

अशोकनगर। वायपास रोड पर प्रांरभ की गई शराब की दुकान को लेकर महिलाओं ने विरोध जताया है जिसे लेकर महिलाओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें कहा गया है कि अत्यधिक धनी



रहवासी आबादी वाले क्षेत्र में यह दुकान खोली गई है जिसके निकट ही अशोका हॉस्पिटल है। जिसमें माताओं की डिलेवरी होती है तथा माताओं बहनों एवं महिला स्टाफ का आना जाना होता है। उक्त शराब की दुकान से अत्यधिक असुरक्षा का माहौल है पास में ही शराब की दुकान के निकट युवा ग्लोबल स्कूल है जिसकी दूरी 100 मीटर के दायरे में है। जो नियमानुसार सही नहीं है स्कूल में छोटे बच्चों एवं महिला स्टाफ में गलत वातावरण से भय का माहौल है। यह है कि शराब की दुकान के सामने ही पेट्रोल पम्प है। जिस पर भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है जिससे किसी अप्रिय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आस-पास पडे खाली प्लाटों में शराब पीकर टायलेट कर रहे है। जिससे रहवासीयों को दुर्गंध आ रही है। जिसमें मांग की गई है कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा एवं सामाजिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए उक्त शराब की दुकान को अन्य किसी जगह पर शिफ्ट किया जाए।

## सफाई कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड और बार्ड बॉय ने विरोध जताया 4 महीने का वेतन देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला चिकित्सालय अशोकनगर में पदस्थ सफाई कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड, मल्टी एवं बार्ड बॉय शुक्रवार को विरोध में उतर आए। उनका कहना कि उन्हे 4 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। विरोध करने वालो ने बताया कि समस्त आवेदक वेतन भुगतान कराने की कहते है कि हम सभी को हटाने की धमकी देते है और शराव पीकर गाली गलोच करते हैं। हम सभी आवेदकगणों को ज्योईनिंग लेटर भी नहीं दिया है जिससे हम सभी को बहुत ही परेशानी आ रही है एवं परिवार का पालन पोषण करने में भी असमर्थ है।

**खास बातें**

- यह कि सिग्मा इंपोटैग कंपनी द्वारा 12,000/रू दिया जाता था
- यह कि कामथैन कंपनी द्वारा 8500/–रू प्रतिमाह दिया जाता है
- यह कि हम सभी कर्मचारियों को महिने में 04 छुट्टी दी जावे।

### उद्यानिकी विभाग ने पानी चौपाल का आयोजन किया




अशोकनगर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा विकासखण्ड चंदेरी में सूक्ष्म सिंचाई पर कार्यशाला/ पानी चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को जल के उपयोग एवं जल का उचित प्रबंधन के बारे में प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई में ड्रिप लाइन व सप्रिंकलर सिंचाई से होने वाले लाभ व उद्देश्य के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई और विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषक बधुंओ से अपील की गई कि विभाग में पंजीयन करा कर योजनाओं का लाभ ले सकते है। प्रभारी अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित फल, सब्जी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार योजना, बागवानी यंत्रीकरण, संरक्षित खेती में पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, पर ड्राप मोर क्राप विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### शासकीय के बच्चे प्राइवेट स्कूलों पर भारी

## उत्कृष्ट विद्यालय का परिणाम हाई स्कूल में 89.15 हायर सेकंडरी में 89.34 रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें हाई स्कूल में 89.15 और हायर सेकेण्ड्री मं 89.34 प्रतिशत परिणाम रहा है। हाई स्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आशु यादव पुत्र रिंकू यादव 500 मे से 481 अंक 96.02 प्रतिशत, दीपक परिहार पुत्र वीरेन्द्र सिंह 500 में से 477 अंक, 95.04 प्रतिशत और संजीवनी अहिरवार पुत्री प्रमोद अहिरवार 500 में से 470 अंक, 94 प्रतिशत रहा। हायर सेकेण्ड्री में राधिका यादव पुत्री कृष्णपाल 500 में से 467 अंक, 93.04 प्रतिशत कला संकाय, अंतिम यादव पुत्र रामबाबू यादव 500 में से 464 अंक, 92.8 प्रतिशत, जीव विज्ञान, अविनभ शर्मा 500 में से 464 अंक, 92.8 प्रतिशत गणित संकाय से, नीतेश अहिरवार पुत्र श्रीलाल अहिरवार 500 में से 459 अंक, 91.8 प्रतिशत और राज सिंह राजपूत पुत्र बसंत सिंह 500 में से 459 अंक, 91.8 प्रतिशत वाणिज्य संकाय विषय से रहा।

### अवैध खनिज रेत का परिवहन किए जाने पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई

अशोकनगर। थाना कदवाया क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनिज रेत का परिवहन किए जाने पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 33 जेडई 5919 का वाहन चालक मौके पर कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर भाग गया। उसके बाद अन्य चालक की मदद से उक्त वाहन को सुरक्षित पुलिस थाना कदवाया की अभी रक्षा में रखवाया गया। महा अप्रैल में खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा चंदेरी क्षेत्र अंतर्गत अवैध उत्खनन के 02 प्रकरण मुंगावली अन्तर्गत अवैध उत्खनन का 01 प्रकरण एवं थाना सेहराई अन्तर्गत 01 अवैध उत्खनन प्रकरण तथा कचनार थाना क्षेत्र अंतर्गत 01 अवैध भंडारण का प्रकरण पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई एवं प्रकरणों को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय कलेक्टर कोट में दर्ज कराया गया।

17 अप्रेल फोटो न.05 चालक ट्रेक्टर-ट्राली मौके से छोड़कर भागा।

# महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" के अंतर्गत शुक्रवार को विविध शैक्षणिक एवं जागरूकता गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुल 95 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस गतिविधि का समन्वयन प्राची जैन एवं अरविंद कौशिक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

अपराह्न सत्र में इको क्लब टीम द्वारा भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय द्वारा सभी प्रतियोगिताएँ विधिवत रूप से संपन्न कराई गईं तथा विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश द्वारा सराहा गया। उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, वहीं इको क्लब प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट द्वारा समस्त गतिविधियों का सफल संचालन एवं प्रबंधन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इको क्लब समिति के सदस्य मोनिका नामदेव, कुमारी संगीता अहिरवार, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक एवं रानी शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी प्रयास किया गया।

### आज भी चना मसूर का उपार्जन किया जाएगा

अशोकनगर। जिले में 18 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं वर्तमान समय में उपार्जन केन्द्रों पर कृषक स्लॉट बुकिंग कराकर चना, मसूर की उपज का उपार्जन कराने हेतु केन्द्रों पर 2-3 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है जिससे किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा एवं तेज गर्मी आदि परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है इस कारण कभी-कभी कानून व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेशानुसार इस संबंध में समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति चना, मसूर उपार्जन केन्द्र समस्त को निर्देशित किया गया है कि किसानों की परेशानी एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को उपार्जन हेतु आये हुए कृषकों को चिन्हित कर सूची तैयार कर चना, मसूर उपार्जन केन्द्रों पर शनिवार को चना, मसूर का उपार्जन कार्य करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने माधौगढ निवासी स्वरूप सिंह पारदी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने तलैया निवासी फूलसिंह सांसी के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के कचनार थाने की पुलिस ने ग्राम अखाईटप्पा निवासी अरबिन्द अहिरवार के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले की सेहराई पुलिस ने सिद्धो के नाला जनकपुर खिरिया के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए विजयपाल सिंह यादव ,मुन्नालाल लोधी, अशोक लोधी, देवेन्द्र यादव के पास से 4720 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं।इसी प्रकार नईसरायं थाने की पुलिस ने ग्राम डुंगासरा निवासी पिंकी कुशवाह और बृजेश कुशवाह को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 530 रूपए बरामद किए हैं।

### पेड़ से नीचे गिरने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम लहदपुर निवासी राजेश पुत्र नत्थूलाल प्रजापति की पेड़ से नीचे गिरने से मौत हो गई। युवक पेड़ पर चढ़कर टहनियां काट रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। जिसके बाद परिवार जन उसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी पियूष शर्माने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युवराज शर्मा और आकाश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी इन्द्रजीत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नईसरायं थाना क्षेत्र के ग्राम मनिहारी निवासी कल्याण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल, अजय, और लल्ला अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मर्दनखेडी निवासी कमलसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कपूरसिंह, इमरत सिंह, रामायण सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम चिन्कूपुर निवासी अमन बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र कुशवाह, मोहन और रामकुमार बाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आरोपियों पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित, पुलिस जांच में जुटी

# 3 किशोरियों के धर्मान्तरण के मामले के बाद एसपी ने एसआईटी की गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर पिपरई मुख्यालय पर 3 किशोरियों के धर्मान्तरण के मामले में आखिर एसपी को जिले में एसआईटी गठित करने का निर्णय लेना पड़ा। इस बहुचर्चित मामले में तीनों किशोरियों को मेडिकल जांच के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल लाया गया। उधर दूसरी ओर एसपी ने आरोपियों पर 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया है।


पिपरई की रहने वाली एक लड़की, लगभग 4 माह पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर अलतमश युवक से मिली थी, इस मुलाकात के बाद युवक ने उसे बहलाया फुसलाया और उसे अपने साथ ले गया जहां पीड़ति के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी युवक ने वहां पीड़िता का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किए जाने, दिनांक 7 नंवबर 2025 को प्रभात चौराहा, भोपाल के घर पर पीड़िता को डरा-धमकाकर दुष्कर्म किए जाने तथा 10-15 बार विभिन्न स्थानों पर जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए जाने का मामला सामने आया था। इसी प्रकार, पीड़िता की दो सहेलियां (उम्र 14 एवं 15 वर्ष, निवासी भोपाल) के साथ आरोपी आहत शेख निवासी जिंसी, भोपाल एवं अरहान अली निवासी जिंसी गल्ला मंडी, भोपाल द्वारा हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराए जाने तथा उनके साथ गलत कार्य किए जाने का मामला सामने आया था। यह तीनों किशोरियां भोपाल से बुर्का पहनकर पिपरई की रहने वाली किशोरी के साथ उसके घर आईं थीं। बुर्का पहनकर आने का मामला सामने आने के बाद पीड़िता की मां ने पिपरई पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना पिपरई के अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3(2)(व्ही) एससी- एसटी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया गया है।

उक्त टीम का नेतृत्व विवेक शर्मा, एसडीओपी अशोकनगर द्वारा किया जा रहा है। टीम में निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा थाना प्रभारी पिपरई, उपनिरीक्षक मंदाकिनी पटेल थाना पिपरई, उपनिरीक्षक पुनीत दीक्षित साइबर सेल अशोकनगर, सहायक उपनिरीक्षक अभिजीत सिंह साइबर सेल अशोकनगर एवं सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर मांडरे, थाना पिपरई शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा म.प्र. पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80(ए) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी अलतामश खान, निवासी चेतक ब्रिज के पास, हबीबगंज, भोपाल (म.प्र.), आहत शेख, निवासी जिंसी, भोपाल (म.प्र.) एवं अरहान अली, निवासी गल्ला मंडी, भोपाल (म.प्र.) की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष जांच दल को निर्देशित किया गया है कि सतत एवं गहन विवेचना कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही विवेचना में यह भी जॉच करने हेतु निर्देशित किया गया है कि कहीं धर्मांतरण अथवा नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर गलत दिशा में ले जाने वाले किसी संगठित रैकेट की संलिप्तता तो नहीं है। उक्त आरोपियों से इन किशोरियों को मिलवाने में किनकी भूमिका रही है इसकी भी तलाश की जा रही है, ऐसा तो नहीं है इसके पहले भी इस तरह के मामले सामने आए हों और उनमें बालिकाओं को फंसाया गया हो। अगर यह बालिकाएं बुर्का पहनकर नहीं आती तो मामले का पता भी नहीं चलता।

# बीना रूठियाई के बीच मिलेगी नई ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



CC- 126/2026

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
रेलवे बोर्ड (RAILWAY BOARD)

POST COPY
ISSUED ON 15.04.2026

| THE GENERAL MANAGER (OPTG) | COPY TO: CPTM |
|---|---|
| WCR/JABALPUR | WCR/JABALPUR |

NO. 2026/CHG/16/WCR/41 PT (1) (.) CONNECT WCR'S LETER NO. WCR/JBP/T-547/WTT DATED 23.03.2026 REGARDING INCREASE IN FREQUENCY OF 61611/61612 BINA- RUTHIYAI MEMU FROM ONE TRIP TO TWO TRIPS IN A DAY (.) MINISTRY OF RAILWAYS APPROVES INCREASE IN FREQUENCY OF 61611/61612 BINA- RUTHIYAI MEMU FROM ONE TRIP TO TWO TRIPS IN A DAY AS UNDER (.)

| 61611 BINA-RUTHIYAI MEMU | ↓ | STATION | ↑ | 61612 RUTHIYAI -BINA MEMU |
|---|---|---|---|---|
| 16:20 | D | BINA | A | 23:20 |
| 16:31/16:32 | A/D | MAHADEOKHEDI | A/D | 22:46/22:47 |
| 16:39/16:40 | A/D | SEMARKHERI | A/D | 22:38/22:39 |
| 16:48/16:49 | A/D | KANJAI | A/D | 22:29/22:30 |
| 16:57/16:59 | A/D | MUNGAOLI | A/D | 22:18/22:20 |
| 17:07/17:08 | A/D | GUNERU BAMORI | A/D | 22:08/22:09 |
| 17:18/17:20 | A/D | PIPRAIGAON | A/D | 21:55/21:57 |
| 17:28/17:29 | A/D | RAHATWAS | A/D | 21:45/21:46 |
| 17:35/17:36 | A/D | ORR | A/D | 21:38/21:39 |
| 17:41/17:42 | A/D | HINOTIA PIPALKHERA | A/D | 21:31/21:32 |
| 17:50/17:52 | A/D | ASHOK NAGAR | A/D | 21:21/21:23 |
| 17:59/18:00 | A/D | RATIKHEDA | A/D | 21:13/21:14 |
| 18:08/18:09 | A/D | SHADHORAGAON | A/D | 21:04/21:05 |
| 18:17/18:18 | A/D | PILIGHAT | A/D | 20:53/20:54 |
| 18:25/18:26 | A/D | PAGARA | A/D | 20:45/20:46 |
| 18:33/18:34 | A/D | MABAN | A/D | 20:35/20:36 |
| 19:05/19:10 | A/D | GUNA | A/D | 20:20/20:25 |
| 19:20/19:21 | A/D | MAHUGARHA | A/D | 20:12/20:13 |
| 19:40 | A | RUTHIYAI | D | 20:00 |

THE ABOVE INCREASE IN FREQUENCY MAY BE GIVEN EFFECT FROM EARLY CONVENIENT DATE UNDER ADVICE TO THIS OFFICE (.) IF REQUIRED, THE INAUGURAL TRAIN MAY BE PLANNED AS A SPECIAL SERVICE WHICH SHALL PICK UP ITS LINK SUBSEQUENTLY(.) GIVE WIDE PUBLICITY (.) ENSURE COMPLIANCE AND CONFIRM (.) MATTER MOST URGENT (.)

PARSURAMKA/RAILWAYS (.)

(SANJAY R. NEELAM)
DIRECTOR (COACHING)
रेलवे बोर्ड / RAILWAY BOARD

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से कोरोना काल में बंद की गई बीना गुना ट्रेन के दूसरे फेरे को लगातार मांगों के बाद अब स्वीकृति मिली है। पहले जो ट्रेन बीना गुना चलती थी उसे पहले ही रूठियाई बढ़ाकर चलाया जा रहा है। लेकिन अब कोरोना काल में बंद की गई बीना गुना ट्रेन को रूठियाई तक बढ़ाने के आदेश जारी हुए हैं। अभी तिथि का इंतजा रहै लेकिन उसके पहले एक कमी कर दी गई है इस ट्रेन को रूठियाई को 8 बजे चलाया जा रहा है जबकि इन्दौर से आने वाली ट्रेन 8.30 पर आती है, जिसे लेकर 9 बजे इस ट्रेन को चलाया जाए।

रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह मेमू ट्रेन अपने दूसरे फेरे में शाम 4:20 पर बीना से रवाना होगी और रुठियाई 7:40 पर पहुंचेगी, वापसी में रुठियाई से रात्रि 8:00 बजे यह रवाना होगी और रात्रि 11:20 पर बीना पहुंचेगी। अगर इस ट्रेन को 9 बजे रूठियाई से चलाया जाए तो इन्दौर से आने वाले यात्री रूठियाई में ट्रेन बदलकर गुना, अशोकनगर, मुंगावली, बीना आदि स्टेशनों पर समय पर पहुंच सकेगें। क्योंकि इतनी मांगों और मिन्नतों के बाद इन्दौर तक ट्रेन नहीं मिल पाई है यह इस क्षेत्र का दुर्भाग्य है, जिस ट्रेन को राज्य सभा सांसद रहे दिग्विजय सिंह ने कोटा से रूठियाई होकर इन्दौर तक ट्रेन चलवाई थी उसी ट्रेन से कनेक्ट करने के लिए बीना रूठियाई ट्रेन चलाई गई है। समय का 30 मिनट का अन्तर आ रहा है। ट्रेन 8.30 बजे इन्दौर से आती है, अगर ट्रेन लेट हुई और सवारियां जल्दवाजी में चढ़ी तो कोई भी घटना हो सकती है इसलिए इस ट्रेन का समय 9 बजे किया जाए।

### आस्तिक जैन ने 12वीं कक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**अशोकनगर।** आस्तिक जैन ने मध्यप्रदेश बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह तारा सदन स्कूल अशोकनगर के गणित विषय के वरिष्ठ शिक्षक के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि सफलता नियमित अध्ययन और अपने आत्मविश्वास पर निर्भर करती है। गणित में उन्हें 100 में से 99 अंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता मेरे शिक्षकों और अभिभावकों को समर्पित करता हूं।

### 20 की जगह डाली जा रही 10 इंच की पाइपलाइन

# चंदेरी में फिर दोहराई जा रही पुरानी गलती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी चंदेरी में हर साल गर्मियों के दस्तक देते ही पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेती है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के बजाय, नगरपालिका और जिम्मेदार अधिकारी एक बार फिर वैसी ही गलती दोहरा रहे हैं जो चंदेरी की जनता पर भारी पड़ने वाली है।

#### पुरानी गलती से नहीं लिया सबक

गौरतलब है कि राजघाट से चंदेरी तक लगभग 15-16 किलोमीटर की दूरी से पानी लाने के लिए पूर्व में पाइपलाइन बिछाई गई थी। जानकारों और मापदंडों के अनुसार, यहाँ 20 इंच की पाइपलाइन की आवश्यकता थी, लेकिन कथित भ्रष्टाचार के चलते मात्र 10 इंच की लाइन डाली गई। नतीजा यह हुआ कि मोटरों की क्षमता अधिक होने और पाइपलाइन संकरी होने के कारण आए दिन मोटरें फुंक जाती हैं और सप्लाई ठप हो जाती है।

#### करोड़ों खर्च, फिर भी आधा-अधूरा काम

हैरानी की बात यह है कि वर्तमान में नगरपालिका द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से दूसरी पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है। बढ़ती जनसंख्या और भविष्य की खपत को देखते हुए इस बार 500 एमएम (20 इंच) की लाइन डाली जानी थी, जिससे शहर की प्यास बुझ सके। लेकिन चर्चा है कि विभाग में बैठे कुछ जयचंदों के इशारों पर एक बार फिर मात्र 10 इंच (250 एमएम) की ही पाइपलाइन डाली जा रही है।

#### तकनीकी विफलता का डर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एक ही मोटर से दो अलग-अलग 10 इंच की पाइप लाइनों में पानी भेजा जाएगा, तो प्रेशर का संतुलन बिगड़ जाएगा। इससे न केवल पानी की मात्रा कम मिलेगी, बल्कि प्रेशर के लोड से मोटरें फिर से जलेंगी। ऐसे में जनता के टैक्स का करोड़ों रुपया पानी में बहता नजर आ रहा है।

#### सिंधिया और स्थानीय नेतृत्व से उम्मीद

चंदेरी की आम जनता अब इस मामले में क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व स्थानीय कद्दावर नेताओं से हस्तक्षेप की मांग कर रही है। वर्तमान में टेंडर हो चुका है और ठेकेदार ने पाइप बिछाने का काम शुरू कर दिया है। यदि समय रहते इस तकनीकी खामी और कथित भ्रष्टाचार को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में चंदेरी में जल संकट की स्थिति भयावह हो जाएगी।

#### मुख्य बिंदु जिस पर उठ रहे सवाल

जब 20 इंच की जरूरत है, तो बार-बार 10 इंच की लाइन क्यों? क्या जानबूझकर पाइपलाइन छोटी डाली जा रही है ताकि भविष्य में मरम्मत के नाम पर खेल होता रहे? क्या तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर ठेकेदार को लाभ पहुँचाया जा रहा है? अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या संज्ञान लेता है या चंदेरी की जनता एक बार फिर सूखी नलों और जल संकट की नियति को झेलने के लिए मजबूर होगी।

# नई आबकारी नीति में जिले को 13 करोड़ की आय हुई, अपेक्षा 30 करोड़ से अधिक की थी

### मात्र 7 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन ने मध्यप्रदेश में नई आबकारी नीति का ऐलान किया था लेकिन इस नीति को लेकर पर्याप्त रूप से सोचने समझने और अस्तित्व में लाने के प्रयास नहीं किए गए, जिसके कारण अशोकनगर जिले से हर वर्ष जो आय होती थी इस वर्ष आय का आंकड़ा घट गया है। गत वर्ष से इस वर्ष मात्र 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि विभाग ने कम से कम 20 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया गया था, राजस्व की बड़ी हानि विभाग को उठानी पड़ी है। इस प्रकरण में जिला आबकारी अधिकारी पहले ही निंलबित हो चुके है।







### जिले में कई दुकानें 13 दिन बाद प्रारंभ हो सकीं

अशोकनगर जिले की 33 कंपोजिट देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों को लेकर हर वर्ष 20 प्रतिशत वृद्धि पर यह दुकानें ठेकेदारों को उनकी स्वेच्छा पर प्रदान की जाती थीं, लेकिन इस बार शासन ने नया गणित लगाया और पुराने ठेकेदारों को ही 20 प्रतिशत वृद्धि पर दुकानें देने के स्थान पर दुकानों को समूहों में बांटा और ई-टेंडर प्रक्रिया से दुकानें आंवटित करने की प्रक्रिया अपनाई गई। जिसका नतीजा यह निकला कि 18वे चरण तक इन दुकानों में से कईं दुकानों की ई टेंडर प्रक्रिया पूरी हो सकी, जब तक ई टेंडर नहीं हुआ, तब तक आबकारी विभाग स्वयं जहां जहां उनकी दुकानें संचालित थीं, वहां वहां शराब विक्रय कराते हुए देखा गया। अब चूकि नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो गई है, अब ठेकेदारों ने इन दुकानों की शुरूआत की है लेकिन 13-13 दिन बाद दुकानें जिले में शुरू हो पाईं।

### 6 दुकानों का ई आवटंन 40 प्रतिशत माइनस में हुआ

अशोकनगर जिले में 6 दुकानों का मामला ई-टेंडर न होने के कारण लंबित चल रहा था, हर चरण में विभाग ने प्रयास किए, 8वे चरण में माइनस 40 प्रतिशत पर 13 अप्रेल से इन 5 दुकानों की ई-टेंडर प्रक्रिया पूरी हो सकी जो 21 करोड़ 62 लाख 54 हजार 854 में छतरपुर के राजेन्द्र कुमार राय ने ली हैं। इन 5 दुकानों में मुंगावली-1, चंदेरी-1, झीला, राजघाट और प्राणपुरा की दुकानें शामिल हैं। एक महिदपुर की दुकान 16वे चरण में पीएन ग्रुप अशोकनगर को ई-टेंडर प्रक्रिया में मिली हैं 3 करोड 59 लाख 76 हजार 163 रूपए में यह दुकान गई है। जिले में अब प्रेम नारायण ग्रुप के अलावा झांसी और छतरपुर के ठेकेदार भी आबकारी ठेकेदार के रूप में जिले में दुकानें संचालित कर रहे हैं। पीएन ग्रुप के पास अब 14 दुकानें हैं, जिनमें बंगलाचैराहा, अथाईखेडा, राजपुर, कचनार, सेमराहाट, बहादुरपुर, घाटबमुरिया, मल्हारगढ, चंदेरी-2 गोराकला, मुंगावली-2, महिदपुर, शाढ़ौरा और नईसरायं शामिल हैं।

### 20 प्रतिशत वृद्धि के आंकडे किए थे तैयार 7 प्रतिशत वृद्धि ही मिली

जिले में कुल 33 दुकानें संचालित हैं जिनमें 14 दुकानों को छोड़ दे तों 19 दुकानें बाहर के ठेकेदारों ने ली हैं। लंबे समय बाद अशोकनगर जिले में प्रेमनारायण ग्रुरप के बाद बाहर के ठेकेदारों का प्रवेश हुआ है। अशोकनगर जिले में गत वर्ष 2025-26 में 173 करोड़ 68 लाख 974 रूपए में यह दुकानें गईं थी, हर वर्ष आबकारी विभाग पुरानी नीति के अनुसार 20 प्रतिशत की वृद्धि कर इन दुकानों को पुराने ठेकेदारों को ही प्रदान करता आ रहा था, जिसके मान से अशोकनगर जिले को 20 प्रतिशत वृद्धि की अपेक्षा के साथ 216 करोड़ 35 लाख 74 हजार 8 रूपए की राशि प्राप्त होना थी, लेकिन नई नीति ने शासन का कबाड़ा कर दिया। 20 प्रतिशत वृद्धि के स्थान पर 7 प्रतिशत वृद्धि ही मिल पाई, जिसके अंतर्गत 186 करोड़ 23 लाख 92 हजार 505 रूपए में यह दुकानें गईं हैं, यानि शासन को 21 प्रतिशत आय की वृद्धि का नुकसान हुआ है। शासन अधिक मुनाफा कमाने चला था अधिक मुनाफे के चक्कर में नई नीति ने विभाग का आर्थिक नुकसान कर दिया।

# अशोकनगर में प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न, 1 मई से शुरू होगी जनगणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत अशोकनगर तहसील में नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सांदीपिनी स्कूल, शंकरपुर टोरिया में 15, 16 एवं 17 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 129 प्रगणक एवं 15 पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संचालित हुआ। इसे तीन बैचों में विभाजित कर जिला फील्ड ट्रेनरों की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम बैच में हेमंत कुमार दुबे एवं हेमंत कुमार योगी, द्वितीय बैच में मुनीष शर्मा एवं मुनेश करैया तथा तृतीय बैच में छोटेलाल अहिरवार एवं सुभाष कुमार मौर्य ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें मोबाइल एप का संचालन, तकनीकी समस्याओं के समाधान, आवश्यक सावधानियां, जनगणना की प्रक्रिया, संवैधानिक प्रावधान, नियम, कर्तव्य एवं कानून से जुड़े पहलुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान भोपाल जनगणना निदेशालय से आए जिला प्रभारी जमील खान ने भी सहभागिता कर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना के महत्व, उसकी गंभीरता एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था एवं पर्यवेक्षण का दायित्व नायब तहसीलदार योगेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा संभाला गया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत 1 मई से जनगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वहीं अन्य शेष बैचों का प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें शेष प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 16 अप्रैल से स्वयं जनगणना की सुविधा भी प्रारंभ हो चुकी है, जिसके तहत नागरिक ऑनलाइन पंजीयन कर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं।



# महिला परिषद ने पक्षियों को पीने के पानी के लिए मिट्टी के पात्र टांगे

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा) द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद की पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा, भूतपूर्व सचिव रुचि बंसल, वर्तमान अध्यक्ष सोनम अजमेरा, सचिव पल्लवी जैन एवं कोषाध्यक्ष नमिता जैन की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ देव स्तुति के साथ भगवान के चरणों में वंदन कर किया गया। इसके पश्चात परिषद की सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नई सदस्योंकृसुरभि जैन, उमा जैन, रीना जैन, रानी जैन, राशि जैन, गोल्डी जैन एवं उमंग जैन का भी संगठन में स्वागत पुष्पमालाओं के साथ किया गया। कार्यक्रम पल्लवी बंधु के निवास पर आयोजित किया गया, जहां सभी सदस्यों को सकोरे (मिट्टी के पात्र) वितरित किए गए। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने घरों की छत एवं बालकनी में पक्षियों के लिए पानी और दाना अवश्य रखेंगे, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार पक्षी नदी का जल पीते हैं और नदी का जल कम नहीं होता, उसी प्रकार दान एवं सेवा करने से धन में कमी नहीं आती, बल्कि मन की शुद्धि और सकारात्मकता बढ़ती है। परिषद की सभी बहनों ने सेवा भावना के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया। यह पहल न केवल जीवों के प्रति करुणा का संदेश देती है, बल्कि समाज को भी पशु-पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया एवं एक-दूसरे को बधाई दी।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को हीट स्ट्रोक लू से बचने के लिए एडवाईजरी की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




अशोकनगर जिले में तापमान बढते ही तेज गर्मी पढने लगी है। गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होन वाले दुष्प्रभाव, बचाव एंव उपचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को हीट स्ट्रोक (लू) से बचने के लिये एडवाईजरी जारी की गई है।

#### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना।तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना।शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना।बेहोश होना।

#### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिये।बहुत अनिवार्य ना हो तो घर से बाहर ना जावें। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपडें से अच्छी तरह बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस.घोल पियें। चक्कर आने मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी सर दर्द तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र जावें। बच्चे बुजुर्ग एंव बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषतः दोपहर में 12 से 04 बजे के बीच घर से बाहर ना जाएं।

#### लू लगने पर किए जाने वाले प्रारंभिक उपचार

बुखार पीडित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि।पीडित व्यक्ति को पंखे के नीचें हवा में लेटायें देवें।

## भीषण गर्मी के बीच तपती सड़क, बिना छांव का इंतजार करने मजबूर लोग

# कुरावर बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए न पानी, न प्रतीक्षालय, महिलाएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

स्थानीय बस स्टैंड की मौजूदा हालत "नाम बड़े, दर्शन खोटे" कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करती है। भीषण गर्मी के बीच कुरावर बस स्टैंड की तस्वीरें स्थानीय व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। मौके पर ली गई तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि बस स्टैंड पर यात्रियों के बैठने के लिए कोई व्यवस्थित प्रतीक्षालय नहीं है और न ही छांव का समुचित इंतजाम। खुले मैदान जैसे इस बस स्टैंड पर यात्री तेज धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।





### यात्री इधर-उधन तलाष रहे छांव और पानी

तस्वीरों में एक ओर बसें खड़ी हैं तो दूसरी ओर यात्री इधर-उधर छांव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। कहीं दुकानों के सामने थोड़ी सी छाया में लोग खड़े हैं, तो कहीं सड़क किनारे खड़े रहकर बस का इंतजार किया जा रहा है। बस स्टैंड परिसर में न तो शेड नजर आता है और न ही कोई सार्वजनिक पेयजल सुविधा। सबसे गंभीर समस्या तपती दोपहरी में एक पल बैठने के लिए छांव नही है वही प्यासे कंठ तर करने के लिए पेयजल की व्यवस्था नही है। तस्वीरों में कहीं भी पानी की टंकी, छांव या नल की व्यवस्था दिखाई नहीं देती। ऐसे में यात्रियों को या तो महंगे दाम पर पानी खरीदना पड़ता है या फिर प्यासे ही सफर करना पड़ता है। तेज धूप और लू के बीच क्या बड़े क्या बुजुर्ग तो क्या बच्चे सभी के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है।

### आधा दर्जन जिलों की बसों आना-जाना

कुरावर से भोपाल, सीहोर, गुना, राजगढ़, शुजालपुर, सारंगपुर, उज्जैन और इन्दौर जैसे प्रमुख शहरों के लिए प्रतिदिन 60 से अधिक बसों का संचालन होता है। इन बसों में रोजाना हजारों यात्री छोटे बच्चे, महिलाए व बुजुर्ग सफर करते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनकी यात्रा को कष्टदायक बना रहा है।

### जनप्रतिनिधि और जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। लंबे समय से बस स्टैंड पर सुविधाओं की कमी बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और स्थानीय निकाय इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। लाखों रुपए की योजनाएं कागजों में तो बनती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। तस्वीरें यह भी दिखाती हैं कि बस स्टैंड पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है कृ कच्चा और धूल भरा परिसर, इधर-उधर खड़े वाहन और अव्यवस्थित दुकानें यहां की स्थिति को और खराब बना रही हैं। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है किकृबस स्टैंड पर शीघ्र छायादार प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाए, स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए, बसों के लिए व्यवस्थित स्टॉप और प्लेटफॉर्म बनाए जाएं। अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी योजनाओं से बाहर निकलकर जमीन पर काम करें, ताकि यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### इनका कहना है

बस स्टैंड की व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जल्द ही दो-चार दिनों में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

- श्रीमति बादामबाई चंद्रवंशी, अध्यक्ष नगर परिषद कुरावर।

## मरीजों के साथ शासन को भी लगाया जा रहा है चूना

# मरीजों से राशि लेकर सहायता का फंड भी बटोर रहे निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के तहत गंभीर रूप से बीमार एवं जटिल सर्जरी के तहत भर्ती मरीजों से तत्काल नकद राशि निजी अस्पताल प्रबंधनों द्वारा जमा करवाई जा रही है। लेकिन, इसके साथ ही बाद में संबंधित मरीजों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर इस्टीमेट तैयार कर बाद में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से भी स्वीकृत करवाकर अस्पताल अपने खातों में डलवा रहे हैं।

जागरुक पेशेंट को उक्त राशि में से कुछ हिस्सा अस्पताल प्रबंधनों द्वारा दिया जा रहा है बाकी की राशि अपने पास ही रखी जा रही है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन प्रसुती, ऑपरेशन, सर्जरी व अन्य बीमारियों के एक ही केस में दो तरफा लाभ ले रहे हैं। एक राशि जो संबंधित मरीज या उनके परिजनों द्वारा अस्पताल के काउन्टर पर नकद जमा करवाई जाती है और दूसरी जो बाद में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रकरण स्वीकृत होने के उपरान्त संबंधित अस्पताल के बैंक एकाउन्ट में आती है।

### ऐसे हुआ इस फर्जीवाड़े का खुलासा

एक मरीज के परिजन ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में ईलाज करवाया था। ईलाज के लिए उनके द्वारा अस्पताल में नकद राशि का भुगतान किया गया एवं बाद में उनसे आधार कार्ड सहित कुछ अन्य दस्तावेज लिए गए। बाद में जब उन्होंने चेक किया तो मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि भी अस्पताल के बैंकएकाउन्ट में जारी होने की बात मालूम हुई।

हरिभूमि द्वारा निजी अस्पतालों के इस पूरे फर्जीवाड़े के खुलासे के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद 2025-26 की वो लिस्ट मुख्यमंत्री सचिवालय से चाही गई है। उक्त लिस्ट प्राप्त होने पर इस पूरे मामले में उन निजी अस्पतालों का खुलासा किया जाएगा जो इस पूरे गोरखधंधे में लिप्त होकर शासन को चूना लगा रहे हैं।

राजगढ़ में निजी अस्पतालों के इस गोरखधंधे की बात मुझे भी मालूम हुई है। मै मय दस्तावेजों के भोपाल पहुंचकर इसकी शिकायत करूंगा।

बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक, राजगढ़

### नरसिंहगढ़ की बेटी आध्या ने रचा सफलता का इतिहास, 96 प्रतिशत के साथ जिले में चौथा स्थान



नरसिंहगढ़। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परिणामों में सेंट जोसफ स्कूल की छात्रा आध्या शर्मा ने 96 प्रतिषत अंक प्राप्त कर जिले में चैथा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।आध्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित सेल्फ स्टडी व रिवीजन को दिया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल में जश्न मनाया गया और प्राचार्य ने सम्मानित करते हुए उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया। परिजनों व नगरवासियों ने घर पहुंचकर बधाई दी। पिता पं. दिलीप शर्मा ने बेटी की इस सफलता पर गर्व जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने 10वीं में लहराया सफलता का परचम





ब्यावरा। केन्द्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड द्वारा विगत दिनो घोषित किए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में नगर के ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के आदित्य कुमार पिता सुनील कुमार ने 96.80 प्रतिषत अंकों के साथ विद्यालय के साथ ब्यावरा नगर में 'प्रथम' स्थान प्राप्त किया। वहीं 'प्रथमेश गुप्ता पिता गौरव गुप्ता ने 95.प्रतिषत अंक अर्जित कर 'द्वितीय' स्थान तथा 'अक्षत यादव पिता विजेन्द्र यादव ने 94.60 प्रतिषत अंकों के साथ 'तृतीय' स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक फादर जोस, प्राचार्य अब्राहम सीएम ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महाविद्यालय में महिला आरक्षण पर कार्यशाला की गई आयोजित



जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में महिला आरक्षण पर कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान शासकीय महाविद्यालय के अलग-अलग वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में महिला आरक्षण एवं लोकसभा एवं राज्यो की विधान सभाओं में महिला आरक्षण पर विचार प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। संयोजक मुकेश कुमार सेन , डा. वंदना चुटेल पुष्पेंद्र अहिरवार ने विद्यार्थियों को महिला आरक्षण एवं महिलाओ की सहभागिता के संबंध , नारी शक्ति के समान अधिकार व आरक्षण , नारी शक्ति वंदना पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार, डॉ रीना पाटीदार, डॉ रश्मि सोनी, भुवनेश गुप्ता, पितरूस धुर्वे, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता,, एस एल दांगी, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने 50 हजार मांगे, 30 पहले लिए, बाकी 20 लेते रंगेहाथों हुई गिरफ्तार

## राजगढ़ में भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गई। उक्त कार्यवाही के बाद सीएमएचओ की तबियत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास ही स्तिथ जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी की उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलोजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन



सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बड़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई।

# कलेक्टर, एसपी ने मेघावी बच्चों को सम्मानित कर जाने फ्यूचर प्लान

## प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थी प्रशासन ने किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गत दिवस घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकन्ड्री परीक्षा परिणामों में प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को शुक्रवार दोपहर प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सभी विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शित किया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह सफलता उनके(विद्यार्थियों) के परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया, जो किसी कारणवश अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सके या जिल्हें कम अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अधिक मेहनत और



दृढ़ संकल्प के साथ पुनः प्रयास करें। शासन द्वारा दिए जा रहे आगामी अवसर का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

### शिक्षा ही सफलता की मजबूत आधारशिला: एसपी

पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत आधारशिला है और युवा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें।

## स्वगणना प्रक्रिया हुई प्रारंभ



जीरापुर। भारत की जनगणना 2026-27 अंतर्गत प्रदेश में 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्वगणना के तहत नागरिक घर बैठे अपने मोबाइल द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , कमल भावसार , नीरज मालवीय , ईश्वर राठौर , मनीष कौशिक के द्वारा 16 अप्रैल को विधायक हजारीलाल दांगी और नगर परिषद अध्यक्ष अनुसुइया पवन कुशवाह , हेमन्त जोशी के निवास पर जाकर उनकी स्वगणना करवाई गई , विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा वीडियो क्लिप के माध्यम से नागरिकों से अपनी स्वगणना करने और अन्य लोगों को भी स्वगणना करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 16 अप्रैल को निकाय के वार्ड प्रभारी को स्वगणना हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया है , वार्ड प्रभारी 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नगर में अपने अपने वार्डों में जाकर नागरिकों को स्वगणना करने हेतु प्रेरित करेंगे और स्वगणना करवाने में उनका सहयोग करेंगे , नागरिक भी वार्ड प्रभारियों को सही जानकारी उपलब्ध करवा कर राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बने।

## जनगणना अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने की स्व-गणना



नरसिंहगढ़। भारत सरकार के जनगणना अभियान के अंतर्गत तहसील एवं नगरीय क्षेत्र नरसिंहगढ़ में शुक्रवार को स्व-गणना प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक मोहन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। अभियान की शुरुआत में दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं स्व-गणना कर नागरिकों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक शर्मा ने कहा कि स्व-गणना की सुविधा से नागरिक डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। वहीं नपाध्यक्ष वर्मा ने इसे राष्ट्रीय महत्व का अभियान बताते हुए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। पगौरतलब है की स्व-गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान कर ब्लॉक आवंटन किए जा चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार एवं मकान की गणना करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। तहसील स्तर पर चार चरणों में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स कौशल किशोर पारीक, कौशल शर्मा, दिनेश गवली, दिलीप साहू, अमित बंधु, प्रकाश सिंह तोमर, राकेश जैन, सुनील सक्सेना, मोहित गोदानिया, दीपक शाक्यवार एवं ओम प्रकाश वैष्णव ने मार्गदर्शन दिया।

## विधायक ने कराई जनगणना की शुरुआत बोले- हर नागरिक की भागीदारी जरूरी



कुरावर। केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर में गुरुवार शाम से जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर गिरीश मिश्रा के निर्देशन में शुरू हुए इस अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की। शुभारंभ अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और ऑनलाइन माध्यम से जनगणना फॉर्म भरकर शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और सुविधाओं की दिशा तय करते हैं, इसलिए सही जानकारी देना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की उपस्थिति भी देखने को मिली। एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार अंगारिका कनौजिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, मोती सिंह दरबार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने बताया कि जनगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसे चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## विधायक दांगी ने दी ग्राम पंचायत गूगाहेडा व बरखेड़ा भोजा को 20-20 लाख की आर सीसी रोड़ की सौगात



खिलचीपुर। विधायक हजारीलाल दांगी ने विधानसभा के ग्राम गुगाहेड़ा जनपद पंचायत खिलचीपुर में 20 लाख रुपये का सीसी सड़क और 3.20 रु का जनपद स्तरीय मद से स्टापडेम मरम्मत कार्य का भूमि पूजन किया। ग्राम बरखेड़ाभोजा जनपद पंचायत खिलचीपुर में 20 लाख रु की सीसी सड़क, 5 लाख का सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं 2.5 की शमशान के रास्ते सीसी निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, सरपंचगण, जनपद सदस्य एवम बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनहानि रोकने पुलिसकर्मियों को बताए आग से बचाव के तरीके

### पुलिस परेड ग्राउंड में आपदा प्रबंधन डेमो का हुआ आयोजन



राजगढ़। मुख्यालय स्थित पुलिस परेड में शुक्रवार सुबह नियमित परेड उपरान्त उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को होमगार्ड के दक्ष कर्मचारियों द्वारा आगजनी रोकने के विभिन्न तरीके बताए गए। इस कर्मचारियों को बताया गया कि किस तरह फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले जनहानि को रोकने विभिन्न तरीकों से आग पर काबू पाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उक्त डेमो क्लास में पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए आपदा प्रबंधन विषय पर काफी कुछ बताया। इस दौरान एडिशनल एसपी के.एल. बंजारी सहित विभिन्न अनुभागों के एसडीओपी भी उपसथ्ति रहे। इस दौरान एसपी श्री तोलानी द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट एवं सराहनीय प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। साथ ही समस्त पुलिस बल को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को फील्ड ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों के प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नियमित परेड के लाभ एवं उद्धेश्यों पर प्रकाश डाला।

# सुठालिया में जल्द बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम राज्यमंत्री पंवार ने निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र सुठालिया में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। यहां शीघ्र ही एक नवीन और आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग श्री नारायण सिंह पंवार ने अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेल अधोसंरचना की जरूरत:** निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्री



पंवार ने कहा कि सुठालिया क्षेत्र में युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए एक बेहतर खेल अधोसंरचना की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि परियोजना की प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से चल रही है और जल्द ही इसकी स्वीकृति प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का निरीक्षण इस उद्देश्य से किया गया है कि स्टेडियम के लिए उपयुक्त और मानकों के अनुरूप भूमि का चयन किया जा सके, ताकि भविष्य में यहां राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा सकें। जहां भी भूमि सभी आवश्यक मापदंडों पर खरी उतरेगी, वहीं स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल की गई हैं। 'खेलो इंडिया' जैसे अभियान के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य हो रहा है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भी खेल अधोसंरचना को मजबूत करने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और नई खेल सुविधाएं विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सुठालिया में बनने वाला यह स्टेडियम न केवल स्थानीय युवाओं को खेल के बेहतर अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



कुरावर। नगर में गुरुवार को संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। सर्वसेन समाज के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। दोपहर करीब 4 बजे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से भव्य चल समारोह निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अग्रवाल मांगलिक भवन पहुंचा। चल समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, जयकारों की गूंज और धार्मिक उल्लास देखते ही बन रहा था। अग्रवाल मांगलिक भवन में संत श्री सेन जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। इसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजनों एवं सेवानिवृत्त नागरिकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे (स्नेह भोज) का आयोजन कर सभी समाजजनों को प्रसादी वितरित की गई। मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने अपने संबोधन में सेन समाज से अपने आत्मीय जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत भी समाज के बीच से हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव सेन समाज के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही समाज धर्मशाला के लिए भूमि चयन कर निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग देने की घोषणा भी की। समाज प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल श्रीनिवास ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।